हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 4 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 33 .5 डिग्री
न्यूनतम 12 .7 डिग्री

11 नागरिक अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़



12 हवा में फिर घुला जहर बिगड़ी सांसों की रफ्तार



## खबर संक्षेप

### रेलवे स्टेशन पर बुजुर्ग की संदिग्ध हालत में मौत

**सोनीपत।** रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध हालत में 50 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसे के बाद स्टेशन पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत इसकी सूचना राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) को दी। सूचना मिलते ही जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में भिजवाया। पुलिस के अनुसार, मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष के आसपास है, जिसकी अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। जीआरपी अधिकारियों ने बताया कि शव की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### मंदिर का दानपात्र तोड़कर नकदी चुराई




**गन्नौर।** लल्हेड़ी कला गांव स्थित रविदास मंदिर में अज्ञात चोरों ने दानपात्र तोड़कर उसमें रखे करीब 15 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। मंदिर के प्रधान सुखबीर ने बड़ी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मंदिर की देखरेख करते हैं और आमतौर पर मंदिर के मुख्य द्वार पर ताला नहीं लगाते। उन्होंने बताया कि 31 अक्तूबर की रात अज्ञात व्यक्ति मंदिर में घुस आया और दानपात्र तोड़कर उसमें रखी पूरी राशि लेकर फरार हो गया। जब वह सुबह मंदिर आए तो चोरी का पता चला। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### निर्माणाधीन मकान से तार चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत ।** सदर थाना क्षेत्र के बंदेपुर गांव में चोरों ने एक निर्माणाधीन मकान को निशाना बनाते हुए बिजली के तार चोरी कर लिए। यह पूरी वारदात मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में कुछ संदिग्ध व्यक्ति देर रात मकान के आसपास घूमते और तार निकालते हुए दिखाई दे रहे हैं। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। थाना खुर्द निवासी प्रवीन कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं और बंदेपुर में अपना नया मकान बनवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि रात के समय वहां कोई नहीं रुकता। जब वे सुबह निर्माण स्थल पर पहुंचे तो देखा कि मकान से बिजली के सभी तार गायब थे। इसके बाद उन्होंने सीसीटीवी फुटेज चेक की, जिसमें कुछ अज्ञात लोग तार चोरी करते हुए नजर आए। प्रवीन कुमार ने बताया कि चोर करीब 1.50 लाख रुपये का सामान ले गए।

# महिला ने की बुजुर्ग पति की हत्या- सिर पर ईंट से वार किए, डंडों से पीटा

■ घरेलू कलह में मार डाला ■ मृतक के चचेरे भाई की शिकायत पर केस ■ आरोपी महिला गिरफ्तार

**पति से मारपीट करती महिला**



हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

सोमवार सुबह गांव गढ़ी सराय नामदार खां में एक महिला ने अपने बुजुर्ग पति की हत्या कर दी। पति पर ईंट से वार किए और डंडे से भी पीटा। हत्या के बाद भी पति के शव को कंघी व लात-घूसों से मारा। सुबह सुरेश द्वारा बीड़ी पीने को लेकर भी विवाद हुआ। एक पड़ोसी ने घटना का मोबाइल से वीडियो बना लिया। दंपती में अकसर घरेलू कलह भी होती थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक के चचेरे भाई राजेश की शिकायत पर केस दर्ज किया गया।



मूलरूप से गांव महमूदपुर के सुरेश व उसकी पत्नी पूनम लगभग एक वर्ष से शहर से सटे गांव गढ़ी सराय नामदार खां में रह रहे थे। यहां पर उन्होंने अपना घर खरीद रखा था और दोनों ही रहते थे। सुरेश व उसकी पत्नी में अकसर घरेलू कलह होती थी। पूनम पति के साथ अकसर मारपीट करती थी। रविवार रात को भी दोनों में झगड़ा हुआ था और पूनम ने सुरेश के साथ मारपीट की। सोमवार सुबह दोनों में फिर कहासुनी शुरू हो गई। सुरेश बीड़ी पीने लगा तो पत्नी ने छीन ली। उसने बीड़ी वापस मांगी तो पत्नी ने उसे पीटना शुरू कर दिया। पूनम ने पति के सिर व छाती में ईंट से वार करके और डंडे से पीटकर कर उसे मार डाला।

## शोर सुनकर पड़ोसी ने छत से बनाया वीडियो

दिया। सुरेश का शव घर के आंगन में पड़ा था। शोर सुनकर पड़ोसी छत पर गए और एक ने मोबाइल से वीडियो बना ली। पूनम को लगा कि वह जिंदा है और साथ बिछी चारपाई पर मेकअप का सामान लेकर बैठ गई। उसने चारपाई पर बैठे-बैठे कई बार पति के मुंह पर कंघी से मारा। सुरेश की हत्या की सूचना मिलने पर एसीपी मलकित व शहर थाना के प्रभारी अरुण कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करके शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक सुरेश के भाई राजेश की शिकायत पर पुलिस ने पूनम के विरुद्ध केस दर्ज किया। सुरेश की दो बेटियों है जिनमें एक की शादी हो चुकी है और दूसरी बुआ के पास रहती है।



**घरेलू कलक में हत्या**

घरेलू कलक के चलते पूनम ने पति की हत्या कर दी। मृतक के चचेरे भाई की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया। घटना की जांच कर रही है।

-**अरुण कुमार**, प्रभारी, शहर थाना

खेड़ी दमकन बाईपास पर हादसे में परिवार खत्म, तीन की हालत गंभीर

# इको व पराली से भरे ट्रैक्टर ट्राली में भिड़ंत, माता-पिता व बच्ची की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

खेड़ी दमकन बाईपास के पास रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में गांव बिधल निवासी दंपती और उनकी दो वर्षीय मासूम बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब दंपती अपनी बीमार बच्ची का उपचार करवाकर गोहाना से अपनी इको गाड़ी में सवार होकर घर लौट रहे थे। रास्ते में एक मां-बेटी व एक अन्य युवक को लिफ्ट दी थी। थोड़ा और आगे चलते पर रास्ते में पराली से भरी ट्रैक्टर ट्राली से इको की भिड़ंत हो गई। जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए।

### ये था मामला

गांव बिधल निवासी अशोक (24), अपनी पत्नी आशु (22) व मासूम बेटी चेष्टा (2) के साथ रविवार को गोहाना अस्पताल में गया था। बीमार बेटी का उपचार कराने के बाद जब वे तीनों वापस आ रहे थे तो रास्ते में गोहाना अड्डे पर गांव बिधल निवासी सृष्टि उर्फ हैप्पी (19) व उनकी मां सरिता (40) व गांव के ही एक अन्य युवक वीरेंद्र को लिफ्ट दी थी। सृष्टि और सरिता भिवानी सत्संग में गए थे। सभी छह लोग ईको गाड़ी में गांव की तरफ चल दिए।



**गोहाना।** मृतक अशोक, उसकी पत्नी व बेटी का फाइल फोटो।

### अशोक चला रहा था गाड़ी

गाड़ी को अशोक चला रहा था और उसकी पत्नी व बेटी आगे बैठी थी। पीछे सरिता, अपनी बेटी सृष्टि और गांव के वीरेंद्र के साथ सवार थी। सृष्टि ने सदर थाना गोहाना पुलिस को बताया है कि जब वह गांव खेड़ी दमकन बाइपास पर पहुंचे तो पराली से भरी ट्रैक्टर-ट्राली का चालक लापरवाही से चलाते हुए आया और अचानक साइड दबा दी। जिससे ईको गाड़ी की पराली से भरे ट्रैक्टर-ट्राली में भिड़ंत हो गई। हादसे में अशोक, आशु व चेष्टा की मौत हो गई। सरिता, सृष्टि और गांव के युवक वीरेंद्र घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल खानपुर महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने तीनों शवों का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। अशोक परिवार के इकलौते बेटा था। पिता का पहले ही निधन हो चुका है। पत्नी व बेटी की मौत के बाद अब घर में अकेली मां बची है। दो बहने शादीशुदा हैं।

### घायल युवती की शिकायत पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज

गांव खेड़ी दमकन बाइपास पर हुए हादसे में ईको सवार दंपती व उनकी बेटी की मौत हो गई। हादसे तीन अन्य घायल हैं। घायल युवती के बयान पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

-इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह, थाना प्रभारी सदर गोहाना

## तीन मौतों से बीधल में मातम पसरा

**गोहाना।** सोनीपत-गोहाना हाईवे स्थित गांव खेड़ी दमकन के निकट सडक़ हादसे में एक साथ तीन मौतों से गांव बीधल में मातम पसर गया। मृतकों में दंपति व उनकी दो वर्षीय बेटी है। जानकारी के अनुसार जब वह सोनीपत-गोहाना हाईवे स्थित गांव खेड़ी दमकल के निकट पहुंचे तो उनके आगे एक ट्रैक्टर जा रहा था, जिसके पीछे पराली से भरी ट्राली जोड़ी गई थी। ट्रैक्टर चालक ने अचानक इको की तरफ साइड दबा दी। चालक अशोक ने इको को बचाने की कोशिश की लेकिन ट्रैक्टर के पीछे जोड़ी गई ट्राली से टकरा गई। इको में सवार अशोक, चेष्टा, सरिता, आशु, सृष्टि व वीरेंद्र को काफी चोटें आई। सृष्टि व विरेंद्र को नागरिक अस्पताल ले पहुंचाया गया, जबकि अशोक, आशु, चेष्टा व सरिता को भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल ले जाया गया। वहां पर अशोक, उसकी पत्नी आशु व बेटी चेष्टा को मृत घोषित कर दिया। सदर थाना से पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

### इकलौता बेटा था अशोक

गांव बीधल का 26 वर्ष का अशोक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी दो बहनें हैं जिनकी शादी की जा चुकी है। अशोक चार-पांच साल पहले आशु के साथ शादी हुई थी और उनकी लगभग डेढ़ साल की बेटी चेष्टा थी। हादसे में तीनों की मौत होने से पूरा परिवार खत्म हो गया। धान कटाई का सीजन अपने चरम पर है। पराली से ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली बेरोक-टोक चल रही हैं। खासकर रात के समय एक साथ दो से तीन ट्रैक्टर-ट्रालियां हाईवे के साथ ही अन्य मार्गों पर चलते हैं।

## अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** जिले की क्राइम यूनिट वेस्ट (सीआईए-1) की पुलिस टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान विनीत उर्फ विशु निवासी गांव लडरावन, जिला झज्जर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित से एक देशी पिस्तौल 32 बोर और एक जिंदा राउंड बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, 2 नवंबर 2025 को मुख्य सिपाही मंदीप अपनी टीम के साथ सैदपुर चौक के पास गश्त पर था, तभी उन्हें गुप्त सूचना मिली कि एक युवक कुंडल गांव से इंडस्ट्रियल रोड, खरखौदा की तरफ किसी के इंतजार में अवैध हथियार के साथ खड़ा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध युवक को काबू किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विनीत उर्फ विशु बताया। तलाशी लेने पर उसकी लोअर की जेब से अवैध देशी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत थाना खरखौदा में मामला दर्ज किया है। मामले की जांच क्राइम यूनिट वेस्ट (सीआईए-1) के सहायक उप-निरीक्षक प्रवेश की टीम ने की। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश किया, जहां से अदालत के आदेशानुसार उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।



## चाय के साथ खोखे पर बेच रहा था चूरापोस्त, दबोचा



**सोनीपत।** जिले की क्राइम यूनिट कुंडली की पुलिस टीम ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को चूरा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान धर्मेन्द्र निवासी गांव बिधल, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित से 1 किलो 690 ग्राम चूरा पोस्त बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, 2 नवम्बर को सहायक उपनिरीक्षक सुरेश अपनी टीम के साथ गश्त के दौरान गांव बिधल पुल के पास मौजूद थे। इसी दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि धर्मेन्द्र, जो ड्रेन नंबर 8 के पास स्थित नियर प्लेयर धर्म कांटा पर चाय का खोखा चलाता है, वहां पर चूरा पोस्त बेचने का काम भी करता है और इस समय मादक पदार्थ बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर रेड की। ड्रेन नंबर 8 के पुल के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में खड़ा देखकर पुलिस ने उसे काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम धर्मेन्द्र बताया। उसके हाथ में पकड़ी काली प्लास्टिक की थैली की जांच की गई तो उसमें चूरा पोस्त पाया गया।

## किसानों को गोष्ठी में प्राकृतिक खेती के टिप्स दिए



**गन्नौर।** कृषि विभाग द्वारा गांव पुरखास में प्राकृतिक खेती किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में किसानों को प्राकृतिक खेती के फायदे व आने वाले समय में इसकी जरूरत के बारे में बताया गया कृषि विकास अधिकारी डॉ. विनय कांत ने किसानों को प्राकृतिक खेती की बुनियादी बातों के बारे में बताया व किसानों से आहवान किया कि वे छोटे स्तर पर ही सही पर इसे जरूर अपनाएं । इस दौरान ब्लॉक पार्षद सतीश गुलिया विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए । खण्ड कृषि अधिकारी डॉ. आंनद सिंह ने प्राकृतिक खेती के तहत विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में किसानों को बताया। मुख्य अतिथी डॉ. पवन शर्मा उपनिदेशक कृषि विभाग सोनीपत ने बताया कि आज जिले में युरीया खाद की डिमांड 49 हजार एम टी होती है लेकिन लगभग 60 हजार एम टी युरीया पहुंचने के बावजूद किसान खाद के लिए कतारों में खड़ें हैं इससे पता चलता है कि रासायनिक उरर्वका व दवाइयों का कितनी ज्यादा मात्रा में खेतों में उपयोग किया जा रहा है इससे घर-घर में परिवार रोगी हो रहे है।

सीए- 138 ने दी थी परीक्षा, शानदार रहा युवाओं का परिणाम

# सोनीपत के 24 विद्यार्थी बने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

आईसीएआई ने फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फ़ाइनल परीक्षा के नतीजे बताए। जिसके बाद आईसीएआई की एनआईआरसी की सोनीपत शाखा में उत्साह का माहौल रहा। फाइनल लेवल परीक्षा ओवर ऑल आईसीएआई में दोनों ग्रुप में कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 16.23% रहा, जिसमें ग्रुप-1 में 24.66% और ग्रुप-2 में 25.26% रहा। सोनीपत से 138 छात्र फाइनल लेवल के लिए उपस्थित हुए, जिनमें से 48 सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुए, जिनमें से 24 अब इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के सदस्य बन गए हैं। सोनीपत शाखा के अध्यक्ष, सीए विजय लठवाल ने छात्रों की सफलता पर बहुत ख़ुशी जताई। अध्यक्ष सीए विजय लठवाल ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है और आईसीएआई समाज के लिए प्रतिबद्ध युवा पेशेवर तैयार कर रहा है।



### ये बने सीए

ऋतिक पाराशर, प्रीति पांचाल, शिवानी गर्ग, हिमांशी कुकरेजा, डिंपल सपरा, केशव गर्ग, आयुष जैन, अंजली, शुभम सिंघल, हीना कुकरेजा, प्रतीक गोयल, सिद्धार्थ पवार, कीर्ति बाल्याण, हर्ष अरोड़ा, पल्लव चुग, कीर्ति गुप्ता, हिमांशु खत्री, योगेश जौहर, प्रियांशु अनेजा, रिया मंगला, अमर त्यागी, प्रांजल, निखिल अंतिल और अंशुल सचदेवा।

### ये रहा इंटरमीडिएट और फाउंडेशन का परीक्षा परिणाम

इंटरमीडिएट स्तर की ओवर ऑल आईसीएआई परीक्षा में दोनों ग्रुप में पास प्रतिशत 10.06% रहा, जिसमें ग्रुप-1 में 9.43% और ग्रुप-2 में 27.14% दर्ज किया गया। वहीं फाउंडेशन लेवल में कुल 14.78% पास प्रतिशत रहा, जिसमें सोनीपत ब्रांच से 211 छात्रों में से 40 सफल रहे। युवाओं के सीए बनने से खुशी की लहर है।

प्रवासी मतदाता वोट डालने के लिए रवाना

# सोनीपत से बिहार स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी, वोट का महादान कर लोकतंत्र को करेंगे मजबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को हरियाणा में कार्यरत प्रवासी बिहारी मजदूरों और कर्मचारियों को मतदान के लिए विशेष रूप से तैयार की गई "बिहार स्पेशल ट्रेन" के माध्यम से बिहार रवाना किया। मतदान वोट डालकर लोकतंत्र को मजबूत करेंगे कार्यक्रम में खरखौदा विधायक पवन खरखौदा, नगर निगम मेयर राजीव जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता माई राम कौशिक, गन्नौर के पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र कौशिक, जिला महामंत्री तरुण देवीदास, मीडिया प्रभारी एडवोकेट दिनेश अत्री, मोनू राठधना, नरेश वर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर सभी नेताओं ने प्रवासियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को और अधिक मजबूत करने की अपील की।




### राज्य में मतदान दो चरणों में होगा

पहला चरण 6 नवंबर को और दूसरा चरण 11 नवंबर को होगा। वहीं, चुनाव परिणाम के लिए 14 नवंबर का इंतजार करना होगा । पहले फेज में 121 सीटों पर और दूसरे फेज में 122 सीटों पर वोटिंग होगी । दोनों चरणों की मतगणना 14 नवंबर को होगी और चुनाव संबंधी कार्य 16 नवंबर तक समाप्त होंगे। राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या 7.42 करोड़ है, जिनमें पुरुष मतदाता 3.92 करोड़ और महिला मतदाता 3.50 करोड़ हैं। बिहार में 203 सामान्य, 38 अनुसूचित जाति और 2 अनुसूचित जनजाति सीटें शामिल हैं । बिहार में 243 सदस्यीय विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त हो रहा है।

हरिभूमि
# सहेली





घर की तमाम जिम्मेदारियों को निभाते हुए हाउस वाइव्स का खुद के लिए यानी मी टाइम निकालना जरूरी है। इससे वे अपने को रिचार्ज महसूस करेंगी, उन्हें कभी स्ट्रेस नहीं होगा। लेकिन मी टाइम के लिए वर्क मैनेजमेंट का हुनर जरूरी है।

# अपनी कामयाबी को ऐसे रखिए कायम

कामयाब होना तो कठिन है ही, अपनी कामयाबी को संभाले रखना, इसे नई ऊंचाई देना और भी कठिन काम है। कामयाबी पर हम कैसे टिके रहें, नए-नए सोपान तय करें, इसके लिए प्रोफेशनल फ्रंट पर हम किन विशेष बातों को ध्यान में रखें, इसके लिए अपनी सोच कैसी रखें, आपके लिए बहुत जरूरी सलाह।

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

कामयाबी ऐसे ही किसी को आसानी से नहीं मिल जाती। इसे पाने की यात्रा का संघर्ष बहुत मुश्किल होता है। इससे कहीं ज्यादा कठिन होता है, हासिल की गई कामयाबी को बनाए रखना, मेहनत के साथ मिली कामयाबी पर टिके रहना, प्रोफेशनल फ्रंट पर खुद को निरंतर संवारते रहना, साथ ही व्यक्तिगत फ्रंट पर सहज बने रहना। असल में सफलता को पाना और सफल होने पर इसे संभालना, दोनों ही बहुत मुश्किल काम हैं। अपनी कामयाबी को अहंकार और असहयोगी रवैये के कारण खो देने वाले लोगों के उदाहरण हर फील्ड में मिल जाएंगे। बहुत से चर्चित और सफल लोग, लंबे संघर्ष के बाद पाई कामयाबी को छोटी-छोटी गलतियों के चलते गंवा देते हैं। उनसे सबक लेना और समय रहते संभलना भी एक स्किल ही है। ऊंचाइयों पर पहुंचने के बाद भी सजगता और सहजता से जीवन जीते हुए किन बातों का ध्यान रखकर अपनी कामयाबी को कायम रखें, जानिए-

## ग्रेटिट्यूड का भाव

ग्रेटिट्यूड यानी कृतज्ञता का भाव सफलता को और सार्थक, और टिकाऊ बनाता है। इसीलिए अपनी कामयाबी का उत्सव मनाते हुए इस यात्रा में सहयोगी रहे लोगों को कभी न भूलें। जब भी, जैसे रूप में भी संभव हो, उन लोगों को जैसे माता-पिता, मित्र, शिक्षक या सहकर्मी को धन्यवाद कहें। इनके प्रति आभार जताना कभी न भूलें। आमतौर पर सफलता पाने के बाद लोग आत्मकेंद्रित हो जाते हैं, जबकि जीवन को तो सांप-सीढ़ी के खेल जैसा माना जाता है, कभी ऊंचाइयों का दौर, तो कभी नाकामयाबी का समय। परिस्थितियां बदलती रहती हैं। ऐसे में अपने अच्छे वक्त में भी दूसरों के साथ अच्छे बने रहें, सकारात्मक बर्ताव करें। कम से कम, किसी को कमतर समझने की गलती तो बिल्कुल भी न करें।

## सहयोगी सोच है जरूरी

सफलता पाने के बाद भी अच्छे आचरण की अहमियत खत्म नहीं हो जाती। सच तो यह है कि अपनी सफलता को बनाए रखने के लिए अपने व्यवहार में सकारात्मकता और सहयोगी भाव और जरूरी हो जाते हैं। इसीलिए अपने आत्मविश्वास को अति-आत्मविश्वास में कभी न बदलने दें। दूसरों की भावनाओं का सम्मान करने का ट्रेंड हमेशा रहा है और रहेगा। सफल होने का मतलब अपनी कमजोरियों को भूल जाना नहीं होता, न ही दूसरों की काबिलियत की अनदेखी करने से आपकी कामयाबी कुछ विशेष हो जाती है। कोशिश कीजिए, आप संघर्ष कर रहे किसी अपने-पराए के मददगार बनें। आगे बढ़ने, बेहतर बनने में किसी का मार्गदर्शन करें। ऐसा करने से आप खुद भी कुछ नया सीखेंगी। कभी-कभी साझा लक्ष्य पर काम करने की यह रणनीति आपको और नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। किसी को दिया जा रहा सहयोग, आपके किसी समाधान का मार्ग भी निकाल सकता है। देखा जाए तो प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते हुए अपने ही परिवेश को कुछ लौटाने जैसा है। इसीलिए कहा जाता है, सहयोग से पूरे समाज की उन्नति होती है। सहयोगी व्यवहार से न केवल जुड़ाव और अपनापन बढ़ता है, बल्कि प्रोफेशनल संसार के संबंधों को मजबूती भी मिलती है।

### आत्म-जागरूकता और सहजता जरूरी

किसी क्षेत्र विशेष में सफल होने का अर्थ यह नहीं कि आप अपने आप में पूर्ण या संपूर्ण हो गई हैं। साथ ही यह भी नहीं सोचना चाहिए कि अब सारी परीक्षाएं खत्म हो गई हैं। जिंदगी



समय-समय पर इम्तिहान लेती रहती है। किसी न किसी रूप में उलझनें सामने आती रहती हैं। इस पड़ाव पर आत्म-जागरूकता और सहजता आवश्यक है। अहंकार से दूरी रखना जरूरी है। मनोवैज्ञानिक विश्लेषणों में भी सामने आया है कि अहंकार सफलता का एक स्वाभाविक परिणाम नहीं है। कामयाबी के गुरूर से इंसान का बदलता व्यवहार ही ईगो की ओर धकेलता है। वहीं, सफलता के दौर में सहज और विनम्र रहने वाले इंसान का मन सदा ग्रेटिट्यूड के भाव से भरा रहता है।

## बुरी आदतों से बचें

कामयाबी के दौर में बुरी आदतों के घेरे में आकर खुद को खो देने वाले लोगों के बहुत से उदाहरण मिलते हैं। इसीलिए सफलता को कोई सनक न बनाएं। खुद को खास दिखाने के लिए अजब-गजब आदतों के जाल में न फंसें, प्रोक्रास्टिनेशन यानी अपने काम को टालते रहना हो या दिनचर्या बिगाड़ लेना, किसी तरह की लत का शिकार होना हो या अपने आपको दिखावे की लाइफस्टाइल में उलझा लेना, ऐसी हर बात से बचिए, जो आपको दिशाहीन करती है। याद रखिए कि



अपनी सफलता को जीना अलग बात है और उसका सिर चढ़ जाना अलग। इस अंतर को समझते हुए खुद को संवारते रहना ही कामयाबी को टिकाऊ बनाता है। संघर्ष का समय बीतने के बाद भी सफलता पाने वाले लोग अनुशासित जीवन जीते हैं और आत्म-निरीक्षण को प्राथमिकता देते हैं। a

# बिजी लाइफ में भी खुद के लिए निकालें मी टाइम

एडवाइस
शीला श्रीवास्तव

हाउस वाइव्स की अकसर यह शिकायत रहती है कि वे खुद के लिए समय ही नहीं निकाल पातीं। वाकई रुटीन मैनेजमेंट उनके लिए एक चैलेंज की तरह होता है। उन्हें बच्चों के स्कूल, ट्यूशन, ऑनलाइन क्लासेस, हसबैंड के ऑफिस और घर के बड़े-बुजुर्गों की देखभाल के बीच अपने लिए समय नहीं मिल पाता। अपने लिए समय निकालना कितना जरूरी है, इस पर वे कुछ सोचती नहीं हैं। लेकिन अपने लिए समय ना निकालने की वजह से हाउस वाइव्स स्ट्रेस में आ जाती हैं। नतीजतन उन्हें छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आता है, जो आगे चलकर शारीरिक और मानसिक रोगों का कारण बनता है। सवाल यह है कि हाउस वाइव्स खुद के लिए मी टाइम कैसे निकालें-

**जरूरी है मी टाइम:** तमाम जिम्मेदारियों के बीच खुद के लिए समय निकालना 'मी टाइम' है। स्ट्रेस फ्री रहने के लिए यह बहुत जरूरी है। मी टाइम ब्रेन को रिचार्ज करता है। भले ही मी टाइम एक घंटे का हो, लेकिन होना जरूर चाहिए। इस समय आप बस अपने लिए जिएं, खुद को खुशी देने वाले काम करें। एक बार मी टाइम पर फोकस करके देखिए, आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगी। इतना ही नहीं, आप जीवन के अलग-अलग पहलुओं पर गहराई से सोच सकेंगी। खुद को बेहतर समझ पाएंगी और अपनी कमजोरियों और खूबियों पर मंथन कर सकेंगी। साथ ही आप अपने रिश्ते को और बेहतर बनाने पर विचार कर पाएंगी।

**पा सकती हैं खोई हुई एनर्जी:** मी टाइम से आप अपनी खोई हुई एनर्जी वापस पा सकतीं हैं। मी टाइम निकालने के लिए सबसे जरूरी है कि पहले वर्क मैनेजमेंट करें, क्योंकि आप अपने घर के कार्यों को व्यवस्थित कर पाएंगी तो आपके लिए मी टाइम निकालना आसान हो जाएगा। वर्क मैनेजमेंट सही करने के लिए कुछ बातों पर ध्यान देना होगा।

**खुद को दें प्रॉयोरिटी:** आपके परिवार में किसी को भी कोई जरूरत हो तो वह आपके पास आते हैं। ऐसे में गृहिणियों के लिए तनाव रहित रहना बेहद जरूरी है, क्योंकि अगर आपका स्वभाव चिड़चिड़ा होगा तो आप चाहकर भी किसी की पूरे मन से मदद नहीं कर पाएंगी। इसलिए खुद को प्रॉयोरिटी दें। अपनी पसंद की चीजों पर ध्यान दें। खुद के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं। खुद के पसंद की म्यूजिक सुनें, डांस करें या फिर खुद के पसंद के अन्य काम करें।

### अपना टाइम टेबल बनाएं



मी टाइम निकालने के लिए सबसे पहले आप अपने घर के कार्यों का समय तय करें। इसके लिए जरूरी है कि आप टाइम टेबल बनाएं और हर काम का समय तय करें। टाइम टेबल के हिसाब से किया गया काम हमेशा समय से होता है, इससे आप आसानी से समय निकाल कर अपनी रुचि के काम कर सकती हैं।

**लाइफस्टाइल में बदलाव:** सुबह उठने की आदत डालनी होगी। अगर आप देरी से उठेंगी तो घर का काम भी देरी से शुरू होगा और आपका सारा दिन झुंझलाहट में बीतेगा। खुद के लिए वक्त निकालना मुश्किल होगा।

**सोशल मीडिया पर ज्यादा बिजी न रहें:** अकसर देखा गया है कि महिलाएं सुबह से ही सोशल मीडिया पर कमेंट और लाइक्स देखने और उसका जबाव देने में बिजी हो जाती हैं, जिससे उन्हें समय का पता ही नहीं चलता। सोशल मीडिया पर एक्टिव होने के लिए आप एक समय तय करें, ताकि आप काम के स्ट्रेस से भी दूर रहें और मी टाइम निकाल सकें।

**घर के लोगों से लें मदद:** महिलाओं की यह आदत होती है कि हर काम अकेले ही करना चाहती हैं, जो ठीक नहीं है। घर के अन्य सदस्यों से थोड़ी-थोड़ी मदद लें। बच्चों से आप उनका कमरा ठीक करने, अलमारी और किताबें ठीक करने के लिए कहें। इससे वे खुद भी व्यवस्थित व अनुशासित बनेंगे। इससे आप अकेली पर काम का सारा बोझ नहीं पड़ेगा। a

स्पेशल : इंफेंट प्रोटेक्शन-डे, 7 नवंबर

शिशु देखभाल की समझ बढ़ाने, बाल मृत्यु दर में कमी लाने और नवजात बच्चों की देखभाल से जुड़ी सर्विसेज के बारे में अवेयरनेस बढ़ाने के लिए हर साल 7 नवंबर को इंफेंट प्रोटेक्शन-डे मनाया जाता है। न्यू बॉर्न बेबी की देख-भाल के लिए किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए, जानिए।

# न्यू बॉर्न बेबी सजगता से हो देख-भाल

लालन-पालन
चैतन्या

बच्चे के जन्म के बाद कुछ दिनों तक न केवल न्यू बॉर्न बेबी की विशेष देखभाल की जरूरत होती है बल्कि बहुत सी छोटी-छोटी बातों को लेकर सजगता बरतना भी जरूरी है। हमारे यहां नवजात यानी न्यू बॉर्न बेबीज की सुरक्षा के मामले में आज भी अवेयरनेस की कमी देखी जाती है। असल में नवजात बच्चों की मेडिकल केयर के साथ ही, अपनों की स्नेह भरी देख-भाल, स्वच्छता, स्तनपान और वैक्सीनेशन जैसी बातों को लेकर जागरुकता होनी जरूरी है।

**किसे कहते हैं न्यू बॉर्न बेबी:** आम बोलचाल की भाषा में कुछ घंटों, दिनों या एक महीने तक के बच्चे को न्यू बॉर्न बेबी यानी नवजात शिशु कहते हैं। वैसे जन्म से लेकर एक साल की उम्र नवजात अवस्था के तौर पर बच्चे की देखभाल के लिए अहम होती है। घर के बड़ों के लिए बच्चे के दुनिया में दस्तक देने के बाद का यह समय बहुत सजग रहने का होता है। इंफेंट केयर में जरा सी चूक शिशुओं को आगे के लिए भी कई परेशानियों का शिकार बना सकती है। खासकर पैरेंट्स को न्यू बॉर्न बेबी की सुरक्षा और विकास के बारे में अवेयर रहना चाहिए। ब्रेस्ट फीडिंग से लेकर वैक्सीनेशन और किसी तरह की जन्मजात तकलीफ का इलाज करवाने तक, ये शुरुआती दिन बेहद अहम होते हैं। इतना ही नहीं मौसमी बीमारियों और दूसरे



इंफेक्शन से बचाने के लिए साफ-सफई का भी ध्यान रखना होता है। असल में ऐसी छोटी-छोटी गलतियों के चलते हमारे देश में आज भी इंफेंट मोरटैलिटी के आंकड़े चिंता का विषय बने हुए हैं। ऐसे में इंफेंट प्रोटेक्शन-डे हर मामले में शिशुओं की बेहतर ढंग से केयर करने से जुड़ी सतर्कता लाने का संदेश देने वाला दिन है।

**स्तनपान और स्वच्छता:** मां के दूध को तो नवजात का पहला टीका कहा जाता है। शिशु के स्वास्थ्य के लिए अमृत माना जाता है। ऐसे में जन्म के बाद बच्चे को ब्रेस्ट फीडिंग करवाना बहुत जरूरी है। इसके लिए माताओं में भी सजगता होना जरूरी है। साथ ही ब्रेस्ट फीडिंग शुरू करने में देरी हो जाए तो नवजात शिशु भी मां का दूध पीने में सहज नहीं रहता। डॉक्टर की सलाह के मुताबिक सही समय पर बच्चे को मां का दूध पिलाना शुरू कर दिया जाए तो यह न्यू बॉर्न बेबी की सेहत के लिए सुरक्षा कवच बन जाता है।


**संक्रमित होने से बचाएं:** इंफेंट प्रोटेक्शन-डे, लोगों को साफ-सफाई रखने के लिए भी चेताता है। जन्म के बाद के शुरुआती दिनों में नवजात बच्चों को कई तरह के इंफेक्शन हो सकते हैं। इनकी एक बड़ी वजह स्वच्छता न रखना भी है। हमारे यहां बड़ी संख्या में नवजात शिशुओं का जीवन डिलिवरी के दौरान या जन्म के बाद पहले चौबीस घंटों के भीतर छिन जाता है। इंफेंट मोरटैलिटी के कई कारण हैं। इन जानलेवा वजहों में जन्म के बाद संक्रमित होना भी शामिल है।

**वैक्सीनेशन और पोषण:** बच्चे के जन्म के बाद टीके लगवाने में तो कोई देरी नहीं होनी चाहिए। शिशु को नियमित डॉक्टर को दिखाने, उसके



वजन का ध्यान रखने और चिकित्सक की सलाह के मुताबिक समय-समय पर लगने वाले वैक्सीन लगवाने की प्रक्रिया फॉलो करना जरूरी है। साथ ही सही पोषण का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है। हमें अपने नवजात बच्चे की सुरक्षा को लेकर ज्यादा जागरूक रहने की जरूरत होती है। a

मेकअप
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट



# फॉलो करें प्रॉपर मेकअप स्टेप्स मिलेगा इंप्रेसिव-परफेक्ट लुक

अगर आप प्रोफेशनल हैं तो मेकअप सही ढंग से अप्लाई करना जरूरी होता है। लेकिन मेकअप शुरू करने से पहले आपको इसके बेसिक्स की जानकारी होनी चाहिए ताकि आप अट्रैक्टिव, इंप्रेसिव दिखें।

**क्लींजर:** मेकअप करने से पहले क्लींजर की मदद से चेहरे को साफ कर लें। आप कॉटन में टोनर लगाकर भी चेहरे को अच्छी तरह साफ कर सकती हैं। इसके बाद ही फेस स्क्रब का यूज करें क्योंकि इससे आपकी स्किन सुंदर और आप अट्रैक्टिव दिखेंगी।

**मॉयश्चराइजर:** स्किन को क्लीन करने के बाद मॉयश्चराइज करें। इसके बाद आप प्राइमर लगाएं ताकि मेकअप देर तक टिका रहे।

**आंखों को करें हाइड्रेटेड:** आंखों के आस-पास की स्किन को हाइड्रेटेड रखने के लिए आई सीरम का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। सामान्यतः हाईड्रेटिंग मॉयश्चराइजर का उपयोग कीजिए और अगर आपकी स्किन ऑयली है तो तेल की अधिक मात्रा को नियंत्रित करने के लिए मैटीफाइंग मॉयश्चराइजर का उपयोग कीजिए। अगर आपकी त्वचा पर दाग, धब्बे, मुंहासे हैं या आंखों के नीचे डार्क सर्कल हैं तो इन्हें कवर करने के लिए कंसीलर कलर करेक्टर का उपयोग करें ताकि त्वचा का रंग नेचुरल दिखे।



**लिप्स के लिए:** अगर आपकी लिपस्टिक कुछ ही समय बाद होंठों से गायब हो जाती है तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। इसके लिए कॉम्पैक्ट पावडर का इस्तेमाल करें, जो लिपस्टिक को लंबे समय तक टिकाए रखेगा। लिपस्टिक लगाने के बाद उस पर टिश्यू पेपर लगाएं। अब, अपने होंठों पर टिश्यू पेपर के ऊपर कुछ लूज कॉम्पैक्ट पावडर या एक लूज सेटिंग पावडर लगाएं। ऐसा करने से आपकी लिपस्टिक पहले की तरह सेट हो जाएगी।

**रिमूव एक्सट्रा ऑयल:** अगर आपकी स्किन पर एक्सट्रा ऑयल दिखता है तो ब्लॉटिंग पेपर का यूज कर सकती हैं। इसके यूज से स्किन से एक्स्ट्रा ऑयल को हटाया या कम किया जा सकता है।

**फाउंडेशन:** अपनी स्किन टोन के हिसाब से फाउंडेशन का यूज करें। फाउंडेशन को अपनी गर्दन पर लगाना न भूलें।

**ब्लश का यूज:** ब्लश का यूज अपनी जरूरत के अनुसार करें क्योंकि इसका ज्यादा उपयोग अननेचुरल दिखेगा। इसे अपने गालों को उभारने के लिए ही उपयोग कीजिए। ज्यादातर स्किन पर हल्का पिंक ब्लश सूट करता है।

**लिपस्टिक-लिप ग्लॉस:** अगर आपको यह महसूस हो कि मैटीफाइंग लिपस्टिक से आपके लिप्स ड्राई हो रहे हैं तो किसी लिप बाम के बाद लिपस्टिक अप्लाई करें।

**सेटिंग स्प्रे:** अपने मेकअप को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए सेटिंग स्प्रे का यूज कीजिए। लेकिन आंखों को बंद रखें और होंठों को भी कवर रखें। a

मेडिकल सजेशन
डॉ. भारती कालरा
सीनियर गायनेकोलॉजिस्ट
करनाल-हरियाणा

अपने जरूरी पर्सनल वर्क के लिए कई महिलाएं पीरियड्स को डिले करने के लिए मेडिसिन ले लेती हैं। लेकिन ऐसा करने से पहले डॉक्टर से कंसल्ट करना जरूरी है। लापरवाही हार्मफुल हो सकती है।

# डॉक्टर से कंसल्टेशन पर ही लें पीरियड्स-डिले मेडिसिन

पीरियड्स एक नेचुरल फिजिकल साइकिल है, जिससे टीनएज से 45-50 वर्ष की उम्र के बीच की हर महिला गुजरती है। लेकिन कई बार मैरिज, स्पेशल फंक्शन, सैर-सपाटे, स्टडी जैसे किसी विशेष अवसर पर कुछ महिलाएं पीरियड्स रोकने के लिए मेडिकल स्टोर में आसानी से उपलब्ध पीरियड्स डिले करने वाली हार्मोनल पिल्स ले लेती हैं। इन दवाओं के गलत डोज या साइड इफेक्ट्स की वजह से कई शारीरिक समस्याओं के साथ जीवन पर भी संकट मंडरा सकता है।

**कैसे काम करती हैं ये दवाएं:** मेडिकली देखें तो महिला के शरीर में प्रत्येक पीरियड साइकिल के दौरान प्रोजेस्ट्रॉन हार्मोन का लेवल प्राकृतिक रूप से कम हो जाता है, जिसकी वजह से यूट्रस की लाइनिंग गिरने लगती हैं और पीरियड्स शुरू हो जाते हैं। पीरियड्स-डिले पिल्स, मुख्य तौर पर दो तरह की हार्मोनल दवाइयां होती हैं, जिनमें या तो सिर्फ सिंथेटिक प्रोजेस्ट्रॉन होता है या फिर एस्ट्रोजन-प्रोजेस्ट्रॉन का मिश्रण होता है। इनके सेवन से महिला के शरीर में प्रोजेस्ट्रॉन





लेवल कम नहीं हो पाता और पीरियड्स रुक जाते हैं यानी, ये दवाएं अस्थाई रूप से पीरियड साइकिल को रोककर पीरियड्स को आगे बढ़ाने का काम करती हैं। साथ ही महिलाओं के रिप्रोडक्टिव सिस्टम को रेगुलेट करने में मदद करती हैं।

**क्या होते हैं साइड इफेक्ट्स:** हालांकि ये दवाइयां सुरक्षित होती हैं, लेकिन संभावित साइड इफेक्ट से बचने के लिए इन्हें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के परामर्श पर सही तरीके और सही डोज में ही लेनी चाहिए। इन्हें लेने पर कुछ सामान्य साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं, सिर-दर्द होना, ब्रेस्ट में दर्द होना, पेट फूला-सा लगना, वजन बढ़ना, मितली-उल्टी की फीलिंग होना, पैर में दर्द, ब्लड प्रेशर बढ़ना आदि। कुछ मामलों में शरीर में हार्मोन और रक्त में मौजूद रसायनों का संतुलन गड़बड़ा जाता है। धमनियों में ब्लड क्लॉटिंग या डीप वेन थ्रोम्बोसिस होने का खतरा रहता है। हार्मोनल दवाइयों के हाई डोज से ब्लड प्रेशर और इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बिगड़ सकता है, जिससे हार्ट रेट गड़बड़ा सकता है।

**इन्हें होता है अधिक रिस्क:** पीरियड्स-डिले करने वाली दवाओं का सेवन करने में ऐसी महिलाओं को पूरी एहतियात बरतनी चाहिए, जो पीसीओएस, माइग्रेन, स्ट्रोक, ब्लड प्रेशर, लिवर, हार्ट डिजीज, डायबिटीज आदि से जूझ रही हों। a

### इन बातों का रखें ध्यान

- हार्मोन पिल्स का सेवन बिना डॉक्टर के परामर्श के न करें।
- जब तक बहुत जरूरी न हो, इन गोलियों का इस्तेमाल न करें।
- एक सप्ताह पहले ही आजमा लें ताकि यदि कोई साइड इफेक्ट हो तो उससे निपटने के लिए समय मिल सके।
- मेडिकल हिस्ट्री और ब्लड टेस्ट जरूर करवाएं। पहले से मौजूद बीमारियों जैसे लिवर, ब्लड प्रेशर, डीवीटी, हार्मोनल असंतुलन में इन्हें बिल्कुल न लें।
- कभी-कभार और डॉक्टर की निगरानी में इनका सेवन सुरक्षित है। लेकिन बार-बार इस्तेमाल शरीर के हार्मोनल संतुलन को बिगाड़ सकता है।

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

## खबर संक्षेप

### बेटियां हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही

**गोहाना।** सोमवार को वजीरपुरा गांव स्थित टीपीएस पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगित का शुभारंभ हो गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर परिषद गोहाना की चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने किया। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों की टीमें भाग लेने पहुंची। चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने कहा कि आज की बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। खेलों में उनकी बढ़ती भागीदारी यह सिद्ध करती है कि यदि अवसर मिले तो बेटियां हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा सकती हैं। आज खेलों बेटियों का बढ़ता कदम राष्ट्र की नई पहचान है। रजनी ने कहा कि खेल केवल जीत या हार का माध्यम नहीं, अपितु आत्मविश्वास, अनुशासन और एकता की पहचान हैं।

### हरित क्रांति विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता

खरखौदा । शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पिपली में प्राचार्या डॉ तराना नेगी के मार्गदर्शन में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक था - हरित क्रांति। इस प्रतियोगिता का आयोजन अर्थशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापिका सुमन के द्वारा किया गया। हरित क्रांति के सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभाव को विद्यार्थियों ने बखूबी अभिव्यक्त किया। हरित क्रांति के सकारात्मक प्रभाव में रोजगार सृजन, ग्रामीण विकास, किसानों की आय में वृद्धि, फसल उत्पादन में वृद्धि, खाद्यान्न आत्मनिर्भरता रहे।

## खांसी-जुकाम और वायरल बुखार के मरीजों में इजाफा

# दो दिन के अवकाश के बाद नागरिक अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़





सोनीपत। रजिस्ट्रेशन काउंटर व ओपीडी में मरीजों की भीड़। फोटो : हरिभूमि

- *रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर सुबह से ही लंबी लाइनें लगी*
- *चर्म रोग विशेषज्ञ का तबादला होने से ओपीडी बंद रही*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

दो दिन के सरकारी अवकाश के बाद सोमवार सुबह नागरिक अस्पताल की ओपीडी खुलते ही मरीजों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अस्पताल के रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर सुबह से ही लंबी लाइनें लग गईं। हजारों की संख्या में मरीज अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। मौसम में लगातार हो रहे बदलाव और वातावरण में बढ़ते प्रदूषण के कारण खांसी-जुकाम, वायरल बुखार और आंखों के संक्रमण से पीड़ित मरीजों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है। वहीं नागरिक अस्पताल में चर्म रोग विशेषज्ञ का तबादला होने के कारण ओपीडी बंद रही है। प्रबंधन की तरफ से चर्म ओपीडी के लिए जल्द से जल्द चिकित्सक की तैनाती की मांग उच्च अधिकारियों से की है।

### दिनभर लगी रही लंबी-लंबी लाइनें

अस्पताल प्रशासन के अनुसार, मौजूदा समय में नागरिक अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन औसतन 2000 से अधिक रजिस्ट्रेशन दर्ज किए जा रहे है। सोमवार को यह संख्या सामान्य दिनों की तुलना में काफी अधिक रही। फिजिशियन ओपीडी में करीब 700 मरीज पहुंचे, जिनमें अधिकांश वायरल बुखार, खांसी-जुकाम, गले में खराश और शरीर दर्द जैसी मौसमी बीमारियों से पीड़ित थे। वहीं, नेत्र रोग (आंख) ओपीडी में भी मरीजों की संख्या 350 के पार पहुंच गई। आंखों में जलन, लालिमा और इंफेक्शन की शिकायतें अधिक सामने आईं। डॉक्टरों का कहना है कि मौसम में हो रहे उतार-चढ़ाव और प्रदूषण के स्तर में वृद्धि के चलते सांस संबंधी समस्याएं, गले के संक्रमण और वायरल बुखार के मामले तेजी से बढ़ रहे है। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि सुबह-शाम ठंडी हवा से बचाव करें, मास्क का प्रयोग करें और पानी उबालकर पीएं। अस्पताल प्रशासन ने मरीजों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त डॉक्टरों और स्टाफ की ड्यूटी लगाई है ताकि किसी को ज्यादा देर इंतजार न करना पड़े। इसके बावजूद रजिस्ट्रेशन काउंटर और ओपीडी कक्षों के बाहर मरीजों की लंबी कतारें दिनभर बनी रहीं।

### घरेलू फार्मेसियों से दवा खरीदने के लिए मजबूर न करें

मौजूदा समय में मरीजों की संख्या ज्यादा देखने को मिल रही है। जिसके चलते चिकित्सकों को जरूरी दिशा- निर्देश देने का काम किया है। अस्पताल में जुखाम, खांसी, बुखार व वायरल बुखर के मरीज ज्यादा देखने को मिल है। चर्म रोग विशेषज्ञ को लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। उच्च अधिकारियों के दिशा-निर्देशों पर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

-डा. गिन्नी लांबा, कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी नागरिक अस्पताल।

## किसानों की समस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन



सोनीपत। उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते इनेलो नेता एवं पदाधिकारी।

- खराब फसलों का मुआवजा, खाद की कमी, कानून व्यवस्था, युवाओं के लिए रोजगार, एमएसपी, खेतों में जलभराव रहा मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

इनेलो कार्यकर्ताओं ने सोमवार को काली पट्टी बांधकर छोटूराम चौक से उपायुक्त कार्यालय तक पैदल मार्च करके सरकार के विरोध में प्रदर्शन किया। बीजेपी सरकार के विरोध में किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार को जगाने के लिए प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक सफीदों रामफल कुंडू के नेतृत्व में बीजेपी सरकार के खिलाफ जोरदार नारे लगाते हुए इनेलो कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे। प्रदर्शन के अध्यक्षता इनेलो जिला अध्यक्ष कुणाल गहलावत ने की। इनेलो कार्यकर्ता सुबह 10 बजे छोटू राम चौक पर एकत्रित हुए। वहां पर इनेलो के वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उसके बाद भाजपा सरकार मुर्दाबाद एमएसपी लागू करो, जल भराव का हल करो, खाद की काला बाजारी बंद करो नारे लगाते इनेलो कार्यकर्ता उपायुक्त कार्यालय पर पहुंचे। उपायुक्त सुशील सारवन को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर पूर्व विधायक रामफल कुंडू ने कहा आज हरियाणा में अभी भी 50 हजार से ज्यादा एकड़ में पानी खड़ा है जिसकी निकासी के लिए सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रदेश प्रधान महासचिव करण चहल, प्रदेश सचिव कृष्ण मलिक, प्रदेश सचिव भूपेंद्र मलिक, प्रदेश सचिव सुरेश त्यागी, प्रदेश सचिव सुरेंद्र मलिक, हल्का गोहाना अध्यक्ष गोपाल जाजी, हल्का बरोदा अध्यक्ष सुरेंद्र सिरसाढ़, हल्का खरखोदा अध्यक्ष बलवान नम्बरदार, हल्का गन्नौर अध्यक्ष बिजेंद्र शेखपुरा, राई हल्का अध्यक्ष प्रदीप दहिया, सोनीपत हल्का अध्यक्ष बिट्टू राठधना, युवा जिला अध्यक्ष विकास मलिक, महिला जिला अध्यक्ष मनजीत फोगाट, अशोक राणा, ताहर सिंह चौहान, राजेश पलड़ी, बबलू नांदल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कल्पना चावला विद्यापीठ की खो-खो टीम ने जिला स्तर पर बिखेरी चमक

- टीम ने जिला स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

कल्पना चावला विद्यापीठ की खो-खो लड़कियों की टीम ने जिला स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रदर्शन के आधार पर पाँच प्रतिभाशाली छात्राओं- तन्वी, तुलसी, अन्वी, प्रियांशी व यशिका तथा दो छात्रों जयंत व आरव का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। खेल उपलब्धियों के अलावा, विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सराहनीय प्रदर्शन किया। हाल ही में आयोजित प्रतियोगिताओं में एकल नृत्य, समूह नृत्य, रागिनी और गीत (लड़के व लड़कियों) सहित कई श्रेणियों में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा इन सभी का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए किया गया। प्रधानाचार्या उषा वत्स, प्राथमिक प्रभारी रितु ने विजेताओं को बधाई दी। तैयारीकर्ता अध्यापकों तरुण पीटीआई, रोहित, वनीषा और विनीता को उनके अमूल्य मार्गदर्शन और प्रेरणा के लिए सराहा गया।




खरखौदा। विजेता विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए स्कूल प्रबंधन।

## साउथ प्वाइंट वर्ल्ड स्कूल की छात्राओं का बाल महोत्सव में शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

साउथ प्वाइंट वर्ल्ड स्कूल, मुरथल की दो छात्राओं ने बाल महोत्सव में शानदार प्रदर्शन किया है। कक्षा पांचवीं (मरकरी) की छात्रा इशिका अरोड़ा ने कार्ड मेकिंग में प्रथम स्थान व कक्षा आठवीं (मरकरी) की आशिमा को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा है। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने कहा कि बाल महोत्सव के आयोजन से विद्यार्थियों को नई दिशा मिली है। इस मंच से विद्यार्थियों ने कला निखारने का काम किया है। कहा कि इस तरह के आयोजन से न सिर्फ विद्यार्थियों कि कला में निपुणता आती हैं, अपितु यह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अहम योगदान रखते हैं। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री ने मैं भी दोनों छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।



वाइस चेयरमैन वर्तिका खत्री विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

## महेंद्रगढ़ की दिवाक्षी अब बॉलीवुड में आएगी नजर

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोद की 9वीं कक्षा की छात्रा दिवाक्षी का चयन बॉलीवुड मूवी कला एक संघर्ष में क्लासिकल डांस के लिए किया गया है। यह फिल्म नृत्य और संघर्ष पर आधारित है और दिवाक्षी का चयन इस फिल्म के लिए उनकी बेहतरीन परफॉर्मेंस के आधार पर हुआ। दिवाक्षी ने एक नवंबर को दिल्ली में आयोजित आडिशन में भाग लिया था, जहां फिल्म के डायरेक्टर मिस्टर अली रॉय और सपना सिंह ने उनकी नृत्य प्रस्तुति की सराहना करते हुए उन्हें फिल्म में शामिल करने का निर्णय लिया। महेंद्रगढ़ निवासी दिवाक्षी की सफलता की कहानी न केवल उनके नृत्य कौशल, बल्कि उनकी निरंतर मेहनत और समर्पण का परिणाम है। दिवाक्षी के पिता दीपक व माता ज्योति ने बताया कि वह बचपन से ही नृत्य में रुचि रखती थीं।



### सम्मान बढ़ाया

ढाई साल की उम्र में ही दिवाक्षी ने स्टेज पर नृत्य प्रस्तुतियां देना शुरू कर दिया था। उन्होंने नेशनल यूनियन क्लासिकल डांसर का खिताब भी जीता है और राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। उनके प्रदर्शन ने न केवल अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि उन्होंने अपने गांव और समाज में भी कला के प्रति जागरूकता और सम्मान बढ़ाया है। फिल्म कला एक संघर्ष में दिवाक्षी के साथ बॉलीवुड के अभिनेता मुस्ताक खान, प्रदीप कावरा, इकरार मल्लिक (यू-ट्यूबर) और डीआईडी के द्वितीय विजेता हरुण राव भी महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे हैं।यह फिल्म नृत्य की कठिनाइयों और संघर्षों को दर्शाते हुए एक प्रेरणादायक कहानी प्रस्तुत करती है। दिवाक्षी का इस फिल्म में अभिनय करना उनके लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।



गन्नौर। सड़क एवं भवन निर्माण विभाग के कर्मचारी डिवाइडर को ठीक करते हुए।

### रेलवे रोड पर सड़क मरम्मत का कार्य प्रारंभ

**गन्नौर ।** गन्नौर शहर के सबसे व्यस्त मार्गों रेलवे रोड पर आखिरकार सड़क एवं भवन निर्माण विभाग ने रिपेयरिंग कार्य शुरू कर दिया है। लंबे समय से गड्ढों और टूटे डिवाइडरों के कारण यह सड़क हादसों का केंद्र बनती जा रही थी। सोमवार को विभाग के कर्मचारियों ने रेलवे रोड पर जगह-जगह बने गड्ढों को भरने व डिवाइडर की रिपेयरिंग का काम शुरू किया। साथ ही, सड़क के बीचों बीच बने डिवाइडरों को भी सही स्थान पर सीधा और मजबूत करने का कार्य किया गया। रेलवे रोड पर दिनभर भारी वाहनों, ई-रिक्शों और दोपहिया वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। बीच सड़क में कई जगह डिवाइडर खिसक चुके थे। विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि फिलहाल प्राथमिक स्तर पर गड्ढों को भरने और डिवाइडरों को सीधा करने का कार्य किया जा रहा है। यह मार्ग शहर के मुख्य बाजार, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड को जोड़ता है, इसलिए यहां यातायात व्यवस्था सुचारू रहना बेहद आवश्यक है।

## दूषित पानी की निकासी न होने से लोग दुःखी

- लोग मजबूर होकर गंदे पानी से होकर गुजरने को विवश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

गढ़ी केसरी में स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर व नई अनाज मंडी के साथ लगती गली में इन दिनों गंदे पानी का जमाव गंभीर समस्या बना हुआ है। गली में नालियों की सफाई और पानी की निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण गंदा पानी गली में भर गया है, जिससे लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई दिनों से लगातार नालियां जाम पड़ी हैं और नालियों के पानी की निकासी न होने से गलियों में बदबू फैल गई है। लोग मजबूर होकर गंदे पानी से होकर गुजरने को विवश हैं। गंदा पानी के जमा होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है।

निवासियों ने बताया कि वे कई बार इस समस्या के बारे में नगर पालिका गन्नौर के अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सफाई कर्मचारी महीनों से इस इलाके में नहीं आए हैं। नालियों में कचरा और कीचड़ भर जाने से पानी का बहाव रुक गया है।



गन्नौर। नई अनाज मंडी के साथ लगती गली में भरा बरसात का पानी ।

### संज्ञान में नहीं

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत कार्रवाई करते नालियों की सफाई करवाई जाए और निकासी व्यवस्था दुरुस्त की जाए ताकि जलभराव से राहत मिल सके। इसके अलावा गलियों में टूटे रास्तों की मरम्मत भी करवाई जाए, जिससे भविष्य में पानी का जमाव न हो। इस बारे में नगर पालिका सचिव प्रदीप ने बताया कि यह समस्या उनके संज्ञान में नहीं, वे मौका मुआवना कर समस्या का समाधान करवाएंगे ।



खरखौदा। शहीद तेज सिंह की प्रतिमा का अनावरण करते परिजन।

### शहीद तेज सिंह की प्रतिमा का किया अनावरण

**खरखौदा ।** फरमाना में शहीद तेज सिंह की प्रतिमा का गरिमामय वातावरण में अनावरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक पवन खरखौदा ने उपस्थिति दर्ज कराई। ब्लॉक समिति चेयरमैन सत्येंद्र दहिया जी, तथा शक्ति ठेकेदार गोपालपुर, तिरंगा युवा समिति एवं भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन व अनेक सामाजिक संस्थाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत विधायक पवन खरखौदा ने ध्वजारोहण करके की। इसके पश्चात शहीद तेज सिंह की धर्मपत्नी धनकौर देवी के कर कमलों से मूर्ति का अनावरण कराया गया। इस अवसर पर जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया के पति राजबीर दहिया ने भरोसा दिलाया कि गांव फरमाना में शहीद तेज सिंह के नाम से एक भव्य द्वार बनाया जाएगा। गांव के सरपंच जगदीश ने बताया कि शहीद तेज सिंह गांव फरमाना के एकमात्र शहीद सैनिक थे, जिन पर आज पूरा गांव गर्व करता है। समारोह का आयोजन शहीद तेज सिंह जी के सुपुत्र भगवान तथा तिरंगा युवा समिति के तत्वावधान में किया गया।

## क्लब के सदस्यों ने सड़क मार्ग पर निकले नगर कीर्तन में सम्मिलित साध संगत को प्रसाद वितरित किया

# गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकाला नगर कीर्तन

*समाज में प्रेम, भाईचारे और सेवा भाव का संदेश दिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

रोटरी क्लब सोनीपत आर्डेंट द्वारा गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकाले गए नगर कीर्तन के अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच लंगर प्रसाद वितरण की सेवा की गई। क्लब के सदस्यों ने सड़क मार्ग पर निकले नगर कीर्तन में सम्मिलित साध संगत को लंगर प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष एवं सदस्यों ने गुरु नानक देव जी के उपदेश नाम जपो, किरत करो, वंड छको को आत्मसात करते हुए समाज में प्रेम, भाईचारे और सेवा भाव का संदेश दिया। इस दौरान क्लब के प्रधान पुनीत वंदना जग्गा और सचिव अंकुश रूबी शर्मा, मीटिंग चेयरमैन सुनील मनचंदा, कुलविंद्र सिंह, अतुल खट्टर, सतीश चोपड़ा, संदीप आहूजा, विजय कुमार, डॉ. सुनील कश्यप, राजेश कटारिया, राजेश मक्कड़ आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। नगर कीर्तन में पंज प्यारों के साथ क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।



सोनीपत। समाज सेवी ललित पंवार सेक्टर-14 में नगर कीर्तन का स्वागत करते हुए।

### पुष्पवर्षा के साथ किया स्वागत

**सोनीपत।** युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष व समाजसेवी ललित पंवार ने गुरूनानक देव के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में शहरभर से निकाले गए नगर कीर्तन का सेक्टर-14 में पुष्पवर्षा व फूलमालाओं के साथ स्वागत किया। इसके साथ ही उन्होंने गुरूनानक देव को नमन किया। ललित पंवार ने पवित्र गुरू ग्रंथ साहब और पालकी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। समाज सेवी ललित पंवार ने कहा कि गुरूनानक देव जी ने संदेश दिया है कि ईश्वर एक है, सदैव ईश्वर की उपासना करो। ईश्वर सब जगह और प्राणी मात्र में मौजूद है। ईश्वर की भक्ति करने वालों को किसी का भय नहीं रहता, ईश्वर सभी का निर्माणकर्ता है और वो खुद मनुष्य का रूप लेता है। नगर कीर्तन के दौरान संगत को प्रसाद वितरित किया गया। जो बोले सो निहाल के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। उन्होंने कहा कि गुरू नानक जी ने हमेशा प्रेम, एकता व भाईचारे का संदेश दिया। इसी संदेश को पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने भी जीवन में आत्मसात किया हुआ है। उन्होंने कहा कि गुरूनानक जी ने सत्य के रास्ते पर चलने की सीख दी। धर्म का मार्ग ही सत्य का मार्ग है। इसलिए सत्य के साथ धर्म के मार्ग पर चलकर समाज के विकास में योगदान दें। इस दौरान कमल हसीजा, नरेश अरोड़ा, राजन खुराना, रवि हसीजा, ओमप्रकाश मुंजाल, जोगिंद्र मौजूद रहे।

### पुराने मार्केट कमेटी रोड पर पेड़ों की छंटाई की मांग

**गन्नौर ।** नगर पालिका के वार्ड 15 की पार्षद शिवानी जैन ने पवित्र महाराज एसडीएम को शिकायत देकर रेलवे स्टेशन से पुल तक जाने वाले पुराने मार्किट कमेटी रोड पर पेड़ों की शाखाओं की छंटाई की मांग की है। शिवानी जैन ने दूसरी बताया कि इस मार्ग पर पेड़ों की शाखाएं आधे से अधिक सड़क तक फैली हुई हैं, तेज हवा चलने पर यह राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। यह सड़क गन्नौर की सबसे व्यस्त सड़कों में से एक है।

**सूचना**

हम, विनोद कुमार पुत्र श्री जय राम व प्रमिला पत्नी श्री विनोद कुमार निवासी मकान नं. 592/23, झुग्गी कालोनी मिर्ची मण्डी के पीछे तहसील व जिला सोनीपत बयान करते हैं कि हमारा पुत्र आकाश कुमार व उसकी पत्नी बबीता कुमारी हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### शिविर में 31 नागरिकों ने किया रक्तदान

**गोहाना।** भागराम ट्रस्ट के साप्ताहिक रक्तदान शिविर में सोमवार को 31 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य कमाया। यह शिविर हर सप्ताह की भांति शहर में सोनीपत मोड स्थित भगवान परशुराम चौक में सम्पन्न हुआ। शिविर के मुख्य अतिथि सुलतान सिंह सैनी थे। अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गगनेजा ने की और संयोजन स्टार रक्तदाता एवं समाजसेवी सुरेंद्र विश्वास का रहा। शिविर में विशेष रक्तदाताओं में दो सगे भाई कर्मवीर सरोहा और दीपक सरोहा, इनके चाचा पवन सरोहा, दो सगे भाई कृष्ण राठौर और सुनील राठौर ने रक्तदान का पुण्य कमाया

### मध्यकालीन भारत के महान संत थे नामदेव

**गोहाना।** पुराना बस अड्डा स्थित सत नगर के सचखंड गुरुद्वारा में सोमवार को संत नामदेव की 755वीं जयंती मनाई गई। समारोह में नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर संत नामदेव को श्रद्धांजलि दी।

मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने कहा संत नामदेव मध्यकालीन भारत के एक महान संत थे।

## ग्रैप-2 लागू होने के बावजूद वायु गुणवत्ता बेहद खराब, सावधानी बरतने की अपील

# हवा में फिर घुला जहर बिगड़ी सांसों की रफ्तार

*वायु गुणवत्ता सूचकांक 306 किया दर्ज, लोगों की आंखा में हो रही जलन, हवा में सूक्ष्म धूल कण पीएम 2.5 और पीएम 10 की मात्रा लगातार बढ़ रही*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एक बार फिर हवा में जहर घुलने लगा है। सोमवार को दोपहर के समय शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 306 दर्ज किया गया, जो 'बेहद खराब' श्रेणी में आता है। हालांकि शाम तक इसमें हल्की गिरावट दर्ज की गई और यह 284 पर आ गया, लेकिन यह स्तर भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है। पिछले 24 घंटे से प्रदूषण का स्तर इसी सीमा में बना हुआ है, जिससे लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है।

ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप-2) लागू होने के बावजूद प्रदूषण पर काबू नहीं पाया जा सका है। वायु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, हवा में सूक्ष्म धूल कण पीएम 2.5 और पीएम 10 की मात्रा लगातार बढ़ रही है। इसका सीधा असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। खासकर सुबह और शाम के समय वायु में मौजूद धूल और धुएं के कारण आंखों में जलन और सांस लेने में तकलीफ की शिकायतें बढ़ी हैं।



### क्या करें, क्या न करें

- ▶▶ सुबह-शाम टहलने से बचें, विशेषकर बच्चे और बुजुर्ग बाहर निकलते समय एन-95 मास्क का प्रयोग करें घर में पौधे लगाकर वायु शुद्ध रखें
- ▶▶ वाहन का कम प्रयोग करें, कार-पूलिंग को बढ़ावा दें
- ▶▶ कूड़ा या सूखी पत्तियां न जलाएं, आसपास ऐसा करने वालों को रोकें
- ▶▶ आंखों में जलन या सांस की दिक्कत होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें

### पॉलिथीन का इस्तेमाल करने वालों पर की कार्रवाई

अस्पतालों में भी अस्थमा और एलर्जी से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। डॉक्टरों के मुताबिक, प्रदूषण के कारण दमा, ब्रोंकाइटिस, सर्दी-जुकाम और आंखों की जलन जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने सोमवार को सब्जी मंडी रोड पर छापा मारकर पॉलिथीन इस्तेमाल करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई की। जेई अमित कुमार के नेतृत्व में टीम ने पांच दुकानदारों के 1500-1500 रुपये के चालान किए। इनमें चार दुकानदारों ने मौके पर ही जुर्माना भर दिया जबकि एक ने भुगतान करने से इंकार किया। टीम ने दुकानों से प्रतिबंधित पॉलिथीन सामग्री जब्त करते हुए दोबारा ऐसा करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

### नागरिकों से की अपील

स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी सीएमओ डॉ. योगेश ने नागरिकों से अपील की है कि वे सुबह और शाम के समय टहलने से बचें, विशेष रूप से बुजुर्ग, बच्चे और सांस के मरीज धूप निकलने से पहले बाहर न जाएं। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि घर से बाहर निकलते समय एन-95 मास्क पहनें और अनावश्यक रूप से खुले वातावरण में न रहें।

### जागरुकता अभियान चलाया

बोर्ड अधिकारी निर्मल कश्यप ने बताया कि नगर निगम के सहयोग से शहर में सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जा रहा है। निर्माण स्थलों की निगरानी के साथ खुले में कूड़ा जलाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा लोगों को जागरूक करने के लिए भी अभियान चलाया जा रहा है।

### क्या कहते है मौसम विशेषज्ञ

मौसम विभाग के विशेषज्ञों का कहना है कि हवा की गति धीमी होने, वाहनों से निकलने वाले धुएं और खुले में कूड़ा जलाने की घटनाओं के चलते प्रदूषण का स्तर ऊपर जा रहा है। धीमी गति की हवा के कारण धूल और धुआं जमीन के नजदीक ही ठहर जाता है, जिससे वायु गुणवत्ता और बिगड़ जाती है।

## डीसीआरयूएसटी प्रशासन पर उठे सवाल

# डीन फैकल्टी ऑफ साइंसेज की नियुक्ति में मनमानी का आरोप

- डीक्रस्ट प्रशासन द्वारा हरियाणा विधानसभा में पास एक्ट की धज्जियां उड़ाना जारी
- डीक्रूटा ने राज्यपाल से हरियाणा विधानसभा में पास एक्ट को बचाने की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन(डीक्रूटा) के अध्यक्ष डा.अजय कुमार ने कहा कि हरियाणा में नियम व कानून प्रदेश की विधानसभा में पास एक्ट के हिसाब से चलते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि डीक्रस्ट प्रशासन अपने आपको हरियाणा विधानसभा से ऊपर मानता है, इसलिए डीन फेकल्टी आफ साइंसिस की नियुक्ति में हरियाणा विधानसभा में पास एक्ट की धज्जिया एक बार फिर उड़ा दी गई हैं। रोटेनशन पालिसी की जगह पर गोल मोल तकनीक व अपनी सुविधा अनुसार अपनी मनमर्जी के प्रोफेसर की नियुक्ति डीन फेकल्टी आफ साइंसिस के पद पर कर दी है। डीन फेकल्टी की नियुक्ति विधानसभा द्वारा पारित यूनिवर्सिटी एक्ट में स्पष्ट रूप से रोटेशन नीति का प्रावधान है। लेकिन कुलपति ने इस प्रक्रिया को नज़रअंदाज़ करते हुए अपनी मनमर्जी से सबसे जूनियर प्रोफेसर को डीन फैकल्टी ऑफ साइंसेज नियुक्त कर दिया। इस सम्बन्ध में टीचर्स एसोसिएशन ने विश्वविद्यालय अधिनियम के उल्लंघन के संबंध में राज्यपाल के नाम रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौपा है।

### नियुक्तियों का मामला राज्यपाल से पास लंबित

डीक्रूटा अध्यक्ष डा.कुमार ने आरोप लगाते हुए कहा कि यूनिर्वसिटी के कुलपति अपने आपको हरियाणा विधानसभा से ऊपर मानते हैं। इसलिए वे बार बार अपने हितों को साधने के लिए मनमर्जी की नियुक्ति लगातार कर रहे हैं। इससे पहले भी ईसी के सदस्यों की नियुक्तियों का मामला भी हरियाणा के राज्यपाल के पास लंबित है। ईसी के सदस्यों की कुछ नियुक्तियां प्रदेश सरकार द्वारा जांच के लिए बनाई गई कमेटी ने गलत ठहरा दी हैं।

### राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

डीक्रूटा अध्यक्ष डा. अजय कुमार ने कहा कि कुलपति अपने हितों को साधने के लिए एक के बाद एक लगातार हरियाणा विधानसभा में पास एक्ट की धज्जिया उड़ाते हुए अब डीन फेकल्टी आफ साइंसिस की नियुक्ति अपनी मनमर्जी अपनाते हुए सबसे जूनियर प्रोफेसर की नियुक्ति कर दी गई है। डीक्रूटा ने इस मामले को लेकर कुलपति व राज्यपाल को ज्ञापन भेजा है तथा मांग की है कि हरियाणा विधानसभा में पास यूनिर्वसिटी एक्ट के अवहेलना करके डीन फेकल्टी आफ साइंसिज की नियुक्ति के आदेश का तुंरत प्रभाव से वापिस लिया जाए।

# 'आज की कहानी' व 'आज की गजल' पर विमर्श

- हरियाणा लेखक मंच का चतुर्थ वार्षिक सम्मेलन संपन्न
- 15 रचनाकारों की पुस्तकों का हुआ विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अंबाला कैंट स्थित फारूक खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रविवार को हरियाणा लेखक मंच का चतुर्थ वार्षिक सम्मेलन उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। सम्मेलन दो सत्रों में विभाजित रहा, जिनमें 'आज की कहानी' और 'आज की ग़ज़ल' विषयों पर गहन एवं सार्थक विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में अंबेडकर विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से आए डॉ. वैभव सिंह ने विचार रखे, जबकि सत्र की अध्यक्षता टीकाराम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत की सेवानिवृत्त प्राचार्या डॉ. कमलेश मलिक ने की।




**सोनीपत।** कार्यक्रम में पुस्तक का विमोचन करती डॉ. कमलेश मलिक एवं अन्य।

### समकालीन कहानियों में आवश्यक शर्तों पर बल

*अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में डॉ. कमलेश मलिक ने समकालीन कहानियों में संवेदना, भावात्मकता और पठनीयता जैसी आवश्यक शर्तों पर बल देते हुए कहा कि आधुनिकता की आड़ में कहानी से शाश्वत सत्य और नैतिक मूल्यों का लोप चिंताजनक है। द्वितीय सत्र में 'आज की ग़ज़ल' पर वरिष्ठ रचनाकारों ने अपने विचार रखे और समकालीन ग़ज़लों में भाषा, शिल्प तथा सामाजिक सरोकारों पर चर्चा की। मंच के इस वार्षिक सम्मेलन में हरियाणा के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में साहित्यकार, कवि, कहानीकार और ग़ज़लकार शामिल हुए। इस अवसर पर हरियाणा के प्रमुख साहित्यकारों की पुस्तकों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसने पाठकों और लेखकों दोनों का ध्यान आकर्षित किया। सम्मेलन का एक विशेष आकर्षण 15 रचनाकारों की नई पुस्तकों का सामूहिक विमोचन रहा, जिसके माध्यम से नवोदित और वरिष्ठ दोनों लेखकों को सम्मानपूर्वक मंच प्रदान किया गया।*



**गोहाना।** हवन में आहुतियां डालते हुए मिल के अधिकारी और कर्मचारी।

## चीनी मिल के पेराई सत्र शुरू करने की तैयारी, बॉयलर की पूजा की

**गोहाना।** गांव आहुलाना स्थित चौ. देवीलाल चीनी मिल का पेराई सत्र शुरू करने की तैयारियां जोरों पर हैं। इस क्रम में सोमवार को हवन के साथ बॉयलर पूजा की गई। अब बॉयलर का स्टीम ट्रायल होगा। मिल प्रशासन द्वारा पेराई सत्र 2025-26 शुरू करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। पिछले वर्ष 2 दिसंबर को मिल का पेराई सत्र शुरू हुआ था। पेराई सत्र शुरू करने की प्रक्रिया में सोमवार को मिल में हवन के साथ बॉयलर पूजा की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मिल की एमडी अंकिता वर्मा और विशिष्ट अतिथि सीएओ (मुख्य लेखा अधिकारी) जितेंद्र शर्मा थे। हवन में मिल के मुख्य अभियंता अनिल चौहान, चीनी विक्रेता प्रबंधक धनीराम शर्मा, कार्यालय अधीक्षक अनिल शर्मा, क्रय अधिकारी संदीप नरवाल, एमएफजी कैमिस्ट विभास गुप्ता और सहायक क्रय अधिकारी अनिल वर्मा ने आहुतियां डाली। हवन पं. श्यामसुंदर ने सम्पन्न करवाया।

# ओम पब्लिक स्कूल ने कब्जाई बेस्ट स्कूल डेलिगेशन ट्राफी

*गरिमा को हाई कमेडेशन, दृष्टि, अनुष्का, सक्षम, अभिवन व शौर्यवीर को स्पेशल मेंशन अवार्ड मिला*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहाना-जींद मार्ग स्थित ओम पब्लिक स्कूल ने एमयूएन (मॉडल यूनाइटेड नेशन्स) में बेस्ट स्कूल डेलिगेशन ट्राफी कब्जा ली। स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में भी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सोमवार को विजेता विद्यार्थियों को स्कूल की एमडी निर्मल लाठर ने प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया।

प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा के अनुसार 30 व 31 अक्तूबर को सोनीपत स्थित गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में एमयूएन (मॉडल यूनाइटेड नेशन्स) कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें ओम पब्लिक स्कूल को बेस्ट स्कूल डेलिगेशन ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के मेधावी विद्यार्थी गरिमा को हाई कमेडेशन, दृष्टि, अनुष्का, सक्षम, अभिवन और शौर्यवीर को स्पेशल मेंशन अवार्ड, पलक मलिक, दिया, एंजल, भूमिका, रिद्धी और मुस्कान को वर्बल मेंशन अवार्ड से अलंकृत किया गया। दूसरी तरफ स्कूल के विद्यार्थी गिरिक, विहान, पार्थ, अतुल्य, एंजल, माही, तरिणी व लवनी ने जिला प्राथमिक खेलों में सराहनीय प्रदर्शन किया। ये खेल 29 से 31 अक्तूबर तक सोनीपत स्थित जेपी जैन स्कूल में सम्पन्न हुई।



**गोहाना।** विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं ट्राफी देते हुए एमडी निर्मल लाठर व साथ हैं शिक्षकगण।

### बाबा कॉलोनी में पाइपलाइन बिछाने पर विवाद

**सोनीपत।** सोनीपत की बाबा कॉलोनी में इन दिनों जल निकासी व्यवस्था को सुधारने के लिए पाइपलाइन बिछाने का कार्य चल रहा है, लेकिन इस कार्य को लेकर स्थानीय निवासियों में रोष व्याप्त है। लोगों का आरोप है कि विभाग द्वारा लगाए जा रहे पाइप छोटे साइज के हैं, जो जल निकासी की समस्या को दूर करने में सक्षम नहीं होंगे। उनका कहना है कि लगभग दस वर्ष पहले भी इसी साइज के पाइप बिछाए गए थे, जो बारिश के समय पानी की निकासी में पूरी तरह असफल साबित हुए थे। अब फिर उसी प्रकार के पाइप डालकर सरकारी धन की बर्बादी और गबन किया जा रहा है। स्थानीय निवासी सुनील बैरागी ने बताया कि न केवल पाइपलाइन का आकार छोटा है, बल्कि सीवर लाइन की ऊंचाई भी मानक से अधिक रखी जा रही है। इसके कारण मेन हॉल और जोड़ों की ऊंचाई भी बढ़ाई जा रही है, जिससे आने वाले समय में लोगों के घर सड़क के स्तर से नीचे चले जाएंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही काम की गुणवत्ता में सुधार नहीं किया गया तो कॉलोनी में जलभराव की गंभीर स्थिति पैदा हो सकती है। कई अन्य निवासियों ने भी कहा कि नगर निगम को बिना तकनीकी जांच के पाइपलाइन बिछाने की अनुमति नहीं देनी चाहिए थी।




**गोहाना।** दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते महिला कुलपति प्रो. सुदेश।

## हरियाणा दिवस हमारी संघर्षशील विरासत का प्रतीक : प्रो. सुदेश

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) में सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम विवि के छात्र कल्याण अधिष्ठाता एवं डायरेक्टर यूथ वेलफेयर विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। समारोह का शुभारंभ विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

कुलपति ने कहा कि हरियाणा दिवस हमारे गौरवशाली इतिहास और संघर्षशील विरासत का प्रतीक है। 1966 में हरियाणा राज्य के गठन के साथ ही एक नई आशा, नई ऊर्जा और प्रगति के संकल्प का जन्म हुआ था। यह दिन हमें हमारे उन महान नेताओं, समाज सुधारकों और नागरिकों के योगदान की याद दिलाता है जिन्होंने इस प्रदेश को आत्मनिर्भर, शिक्षित और सशक्त बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रो. सुदेश ने कहा कि चाहे वह कृषि, खेल, रक्षा, शिक्षा या महिला सशक्तिकरण का क्षेत्र हो हरियाणा ने सदैव देश की उन्नति में अग्रणी भूमिका निभाई है। विशेषकर शिक्षा के क्षेत्र में, हरियाणा ने एक नई पहचान बनाई है। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता हुड्डा व निदेशक युवा मामले प्रो. सुषमा जोशी भी मौजूद रहे।

# राठधना में 1.58 करोड़ से होगा 20 गलियों का निर्माण

## विधायक पवन खरखौदा एवं मेयर राजीव जैन ने किया शुभारंभ

- भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की भावना से ही विकास कार्य करवा रही : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गांव राठधना वार्ड नंबर में 1.58 करोड़ रुपये की लागत से 20 गलियों का पुनर्निर्माण करवाया जायेगा। जिसके कार्य का शुभारंभ विधायक पवन खरखौदा एवं मेयर राजीव जैन ने सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा के साथ नारियल तोड़ कर किया। विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि काफी लंबे समय से गलियां खराब हो गई थी और नागरिकों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। उन्होंने कहा कि गलियों के पुनर्निर्माण से नागरिकों को सुविधा मिलेगी और गांव में विकास नजर आयेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की भावना से ही विकास कार्य करवा रही है। मेयर राजीव जैन ने कहा कि गांव में गलियों के निर्माण के साथ-साथ करोड़ो रूपए की लागत से स्ट्रीट लाइट लगाने, पार्क का निर्माण तथा जोहड़ो के सुधार का कार्य चल रहा है, उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र का कोई वार्ड अछूता नहीं है जहां विकास कार्य शुरु ना हुआ चाहे वह विपक्षी पार्षद का वार्ड क्यों न हो। उन्होंने का है कि जनता की सुख सुविधाओं का ख्याल करना चुने हुए प्रतिनिधियों का फर्ज है। कार्यक्रम में अनिल पहलवान, मोनू राठधना, दिनेश अत्री, प्रवीण कुमार, प्रिंस सरोहा, जगदीश सरोहा, राज, रामकिशन, सुल्तान सिंह, प्रवीन शर्मा, नरेंद्र सैनी, देवेंद्र चहल, पंडित रोहतास, सोमनाथ शर्मा, राजेश शर्मा, प्रेम प्रजापत, कृष्ण, राजेश शर्मा, जितेंद्र नागर, मास्टर कृष्ण शर्मा समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**सोनीपत।** विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए विधायक साथ में मेयर एवं अन्य।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## जनता दरबार | बिजली, पानी, राजस्व और पुलिस से जुड़ी समस्याएं लेकर पहुंचे 120 फरियादी

# विधायक कादियान ने मौके पर निपटाई 50 शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

क्षेत्र की जनता के साथ सीधा संवाद कायम रखने के उद्देश्य से विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को देवा सोशल डेवलपमेंट सोसायटी कार्यालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया। सुबह से ही ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोगों की भारी भीड़ यहां जुटनी शुरू हो गई थी। जनता ने विधायक के समक्ष बिजली, पानी, सफाई, राजस्व और सरकारी योजनाओं से जुड़ी अपनी शिकायतें रखीं। विधायक कादियान ने सभी फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए।



**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को जनता दरबार में लोगों की शिकायत सुनते हुए ।

### जनता दरबार जनसेवा का माध्यम

दरबार में करीब 120 लोग अपनी सामूहिक और निजी शिकायतें लेकर पहुंचे, जिनमें से लगभग 50 शिकायतों का निपटारा तुरंत किया गया। विधायक कादियान ने कहा कि जनता दरबार के माध्यम से वह लोगों की परेशानी को नजदीक से समझना चाहते हैं, ताकि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की रुकावट न आए। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रशासन को जनता तक पहुंचाना है और इसी सोच के तहत क्षेत्र में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक सोमवार को लगने वाला यह जनता दरबार केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम है।

### ये शिकायतें भी आई

जीटी रोड गन्नौर अड्डा पर गौशाला मंडी के पास रहने वाले मामन जैन को बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। कमजोर आर्थिक स्थिति वाले पीड़ित परिवार ने पुलिस द्वारा मामले में खास रुचि न दिखाने की शिकायत की। कादियान ने तुरंत बड़ी थाना में फोन करके केस की रिपोर्ट मांगी और पीड़ित को जल्द से जल्द न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। घसौली गांव में खेत में बिजली कनेक्शन के नाम पर एक जेई पर 5 हजार रुपए वसूली करने का गंभीर आरोप लगा। विधायक कादियान ने सख्त रुख अपनाते हुए एसडीओ को कहा कि ऐसा कर्मचारी गन्नौर में बर्दाश्त नहीं होगा।